कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चकिया

पत्रांक- 883 /दिनांक 30.5.2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल चकिया।

सेवा मे,

संवेदक संतोष कु० सिंह
रामपुर, नेटली

विषय :- MMGSY (SU) योजनान्तर्गत कुवंर सिंह के घर से भंवर नी मो० गाई वाली ५५ पथ का अनुरक्षण कार्य के संबंध में।

प्रसंग:- SBD(PMGSY/MMGSY) कंडिका-52/3 तथा MBD के कडिका-58 तथा 59

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चकिया अन्तर्गत आपको आवंटित पथ/पुल कुवंर सिंह के घर से भंवर नी मो० गाई वाली ५५ का निरीक्षण कर स्थल के मांग के अनुरूप अनुरक्षण कार्य तीन दिनो के अन्दर हर हाल में पुर्ण करना सुनिश्चित करेंगे इस संदर्भ में पूर्व में भी मौखिक एवं दुरभाष पर अनुरक्षण कार्य ससमय करने हेतु निदेश दिया जाता रहा परन्तु आपके द्वारा वार्षिक अनुरक्षण कार्य मे गंभीरता नही दिखाई गई । आपके स्वेच्छाचारिता के कारण सरकार द्वारा प्रदत्त राशि उपलब्ध कराने के बावजुद भी आम अवाम को कष्ट उठाना पर रहा है।

अतः तीन दिनो के अन्दर अनुरक्षण कार्य पुर्ण कराते हुए आप अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेंगे की अनेको बार मौखिक एवं दुरभाष पर निदेश के बावजुद अब तक अनुरक्षण कार्य क्यों न किया गया । इस संबंध मे स्पष्टीकरण अप्राप्त या अस्वीकार्यता की स्थति में आपके एकरारनामा का विखंडित करते हुए आपके निबंधन को डिबार/ काली सुची में डालने की कार्रवाई की जाएगी एवं आपके जमानत की राशी जब्त कर अनुरक्षण कार्य कराया जायेगा

इसे अति गंभीरता से लेंगे ।

विश्वासभाजन

30.5.21

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल-चकिया।

30.5.21 30.5.21
3.30

Scanned by CamScanner